भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक दूरसंचार
विपणन शाखा, कमरा न0.07, दूरसंचार भवन, लाल कोठी, जयपुर . 302015
दूरभाष न0: 0141.2743316, फैक्स न0.: 0141.2743286

प्रेस विज्ञप्ति क्रमांक: 19/2021
(20.5.2021)

बीएसएनएल दे रहा है फ्री वैलिडिटी इक्स्टेन्शन और 100 मिनट फ्री कॉल

महामारी की इस दूसरी लहर के कारण बीएसएनएल के कई उपभोक्ता बड़ी मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। महामारी की रोकथाम के लिए आवागमन में लगे प्रतिबंध की वजह से और 'ताउकते' चक्रवात की विभीषणता के कारण बीएसएनएल के कई उपभोक्ताओं द्वारा मोबाइल को रिचार्ज नहीं करा पाने तथा वैलिडिटी समाप्त होने की वजह से वे उपभोक्ता मोबाइल सेवा से वंचित हो गए हैं। **संकट की इस घड़ी में बीएसएनएल ने ऐसे उपभोक्ता जिनकी वैलिडिटी 01अप्रेल 2021 को या उसके बाद समाप्त हो गई है, ऐसे उपभोक्ताओं के मोबाइल की वैलिडिटी 31 मई 2021 तक बिल्कुल फ्री बढ़ाने का निर्णय किया है, इससे उपभोक्ता इनकमिंग काल्स को अनवरत रूप से सुन सकेंगे। इसके अतिरिक्त बीएसएनएल अपने ऐसे उपभोक्ताओं को 100 मिनट फ्री काल्स भी दे रहा है ताकि संकट के इस दौर में उपभोक्ता अपने मित्रों तथा परिजनों से बात कर सके।** बीएसएनएल अल्प आय वर्ग के अपने उपभोक्ताओं के फायदे के लिए लंबी अवधि के निम्नलिखित किफायती पैक भी प्रदान कर रहा है।

- प्लान वाउचर 106 और प्लान वाउचर 107 में 100 दिन की वैलिडिटी और 100 मिनट कॉल , 3 जीबी डाटा तथा बीएसएनएल ट्यून (पहले 60 दिनों के लिए)
- प्लान वाउचर 197 में 180 दिनों की वैलिडिटी और 18 दिनों तक अनलिमिटेड कॉल , 2 जीबी डाटा प्रतिदिन, 100 एसएमएस प्रतिदिन तथा बीएसएनएल ट्यून और ज़िंग म्यूजिक कंटेन्ट मिलते हैं ।
- प्लान वाउचर 397 में 365 दिनों की वैलिडिटी तथा पहले 60 दिनों तक अनलिमिटेड कॉल , 2 जीबी डाटा प्रतिदिन, 100 एसएमएस प्रतिदिन तथा बीएसएनएल ट्यून और लोकधुन कंटेन्ट मिलते हैं ।

राजस्थान परिमण्डल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप गोविल ने बताया कि बीएसएनएल संकट की इस घड़ी में अपने सम्माननीय उपभोक्ताओं की सेवा के लिए कटिबद्ध है , साथ ही अनुरोध करते हैं कि उपभोक्ता अपने अकाउंट को रिचार्ज करने के लिए डिजिटल तरीकों को अपनाएं। "My BSNL" App, BSNL Website और अन्य लोकप्रिय वॉलेट सेवाओं में रिचार्ज के कई विकल्प उपलब्ध हैं। उपभोक्ताओं को 4% अपफ्रन्ट डिस्काउंट भी मिलेगा यदि वे "My BSNL" App में अपने फ्रेंड्स और फॅमिली के बीएसएनएल प्रीपेड मोबाइल को रिचार्ज करते हैं ।

हम बीएसएनएल के अपने सभी सम्माननीय उपभोक्ताओं से अनुरोध करते हैं कि संकट की इस घड़ी में कोविड गाइडलाइंस का पालन करें तथा सुरक्षित रहें ।

(विकास चंदेलिया)
जन सम्पर्क अधिकारी